ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी : प्रधानमंत्री ने यूपी में निवेश परियोजनाओं की नींव रखी, बोले-उद्योगों के लिए हर जरूरी सुधार करेंगे

नीति-नीयत, निर्णय से विकास के साथ : मोदी

यूपी में निवेश

लखनऊ, विशेष संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में 80 हजार 224 करोड़ की निवेश परियोजनाओं की शुक्रवार को आधारशिला रखते हुए देश-विदेश के उद्यमियों को सुरक्षित निवेश का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार नीति-नीयत, निर्णय और स्वभाव से विकास के साथ हैं। निवेशकों को आश्वस्त किया कि वह उनके हर प्रयास में साथ होंगे। आप पूरे उत्साह से यूपी की विकास यात्रा में शामिल हों। उत्तर प्रदेश के भविष्य का निर्माण आपके भविष्य को भी उज्ज्वल बनाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीसरी ग्राउंड सेरेमनी के मौके पर निवेशकों व उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तेज विकास के लिए हमारी डबल इंजन की सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर, इंवेस्टमेंट और मैन्युफैक्चरिंग पर एक साथ काम कर रही है। यूपी के विकास, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए, जिस सेक्टर में भी जरूरी होगा सुधार निरंतर किए जाते रहेंगे। > अवसर मिलेंगे P08

> आधार बना ओडीओपी P09

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को अपने दूसरे कार्यकाल की पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिरोजाबाद में तैयार किया गया कांच का राम दरबार भेंट किया।

पांच लाख प्रत्यक्ष और 20 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार देंगे : योगी

संकल्प

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह में उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका निवेश यूपी में सुरक्षित रहेगा और सरकार उन्हें संरक्षण देगी।

समारोह में 80 हजार करोड़ की लागत से नई परियोजनाओं के प्रस्ताव मिले हैं। इसमें 1400 से अधिक योजनाओं में डाटा, आईटी, कृषि, हथकरघा, एमएसएमई आदि परियोजनाओं में पांच लाख प्रत्यक्ष रोजगार मिलेंगे और 20 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार मुहैया कराए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच वर्ष में पीएम के मंत्र को ही यूपी सरकार ने अंगीकार किया है। रिफार्म, परफार्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर चल कर ही पांच वर्ष में यूपी देश की छठी नंबर की अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि यूपी ईज आफ डूइंग बिजनेस में दूसरे नंबर पर है। हाल ही में लीड्स-20-21 की रिपोर्ट में यूपी को सात पायदान की उल्लेखनीय बढ़त मिली है। यूपी ने परंपरागत उद्योग को बढ़ाते हुए ओडीओपी जैसी योजना के जरिये प्रभावी ढंग से निर्यात को 88 हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1.56 लाख करोड़ रुपये किया है। > निवेश के लिए कई सुधार किए P08



03 ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हो चुकी हैं योगी सरकार के दोनों कार्यकाल में

80224 करोड़ रुपये की औद्योगिक परियोजनाओं की आधारशिला प्रधानमंत्री मोदी ने लखनऊ में रखी

कहां कितना निवेश

परियोजना	संख्या	धनराशि
डाटा सेंटर	07	19928
कृषि क्षेत्र	275	11297
आईटी सेक्टर	26	7876
इंफ्रास्ट्रक्चर	13	6632
मैन्युफैक्चरिंग	27	6227
हैंडलूम-टेक्सटाइल	46	5642
रिन्यूएबिल ऊर्जा	23	4782
एमएसएमई	805	4459
हाउसिंग	19	4344
हेल्थकेयर	8	2205
डिफेंस एयरस्पेस	23	1774
वेयरहाउसिंग	26	1295
शिक्षा	6	1183
डेयरी	7	489

(धनराशि करोड़ रुपये में)

पीएम के बोल

- निवेशक पूरे उत्साह से यूपी की विकास यात्रा में शामिल हों
- यूपी के भविष्य का निर्माण उद्यमियों के भविष्य को उज्ज्वल करेगा
- हर कदम पर यूपी में निवेश करने जा रहे उद्यमियों का साथ देंगे
- उत्तर प्रदेश ही आने वाले वक्त में भारत की विकास को गति देगा

"भारत दुनिया में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। हमारा देश निवेश के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बन गया है। बीते वर्षों में यूपी बेहतर निवेश डेस्टीनेशन बन गया है।

कुमार मंगलम बिड़ला, आदित्य बिड़ला ग्रुप

"पीएम और सीएम नया भारत बनाने का काम कर रहे हैं। योगी सरकार की कानून-व्यवस्था, गुड गवर्नेंस और निर्णय लेने की क्षमता से यूपी अन्य राज्यों के लिए मिसाल है।

गौतम अडानी, चेयरमैन, अडानी ग्रुप

उत्तर प्रदेश को मिलीं 1400 से ज्यादा नई परियोजनाएं

क्षेत्र	प्रोजेक्ट	निवेश (करोड़ रु.)
पश्चिम यूपी	865	58671
पूर्वी यूपी	290	9617
मध्य यूपी	217	8997
बुंदेलखंड	34	2938

बड़े निवेश प्रस्ताव

प्रोजेक्ट राशि	संख्या	कुल निवेश
500 करोड़ से ज्यादा	29	40106
200 करोड़ तक	52	15614
दो सौ करोड़ से कम	112	9959
50 करोड़ से कम	230	5068
दस करोड़ से कम	972	2757